रणजीत टाइम्स

इंदौर

गुरुवार, 5 नवम्बर, 2026

वर्ष 02 | अंक 262 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

विकसित भारत 2047 का संकल्पः राज्यों की भूमिका, जिम्मेदारी और जवाबदेही की होगी असली परीक्षा

केंद्र ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को 2047 के लिए पांच प्रमुख विकास लक्ष्य तय करने की जिम्मेदारी सौंपी है। अगले महीने होने वाले मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन में इन लक्ष्यों और रणनीति पर मंथन होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने भी एजेंडा रखा जाएगा। इस बार जोर केवल योजनाओं की घोषणा पर नहीं, बल्कि जमीन पर नतीजे देने पर रहेगा।



लक्ष्य तय करने में युवा और क्षेत्रीय स्तर पर तैनात अधिकारियों की राय भी ली जा रही है। सम्मेलन में खनन, कोयला, जैव प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी और विज्ञान-तकनीक के बेहतर इस्तेमाल पर चर्चा होगी। सड़क, रेलवे और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में देरी दूर करने के उपाय भी तलाशे जाएंगे। लेकिन असली सवाल लक्ष्य तय करने का नहीं, उन्हें पूरा करने का है। मध्य प्रदेश सहित सभी राज्यों के सामने चुनौती होगी कि विकास का लाभ गांव, कस्बे, किसान, युवा और आम नागरिक तक कितना पहुंचता है। 2047 की तस्वीर कागजी संकल्पों से नहीं, समयबद्ध काम, पारदर्शिता और जवाबदेही से बनेगी।

एनसीपी में अंदरूनी घमासान!

सुनेत्रा पवार ने बुलाई विधायकों की बैठक, पार्थ पवार के बढ़ते दबदबे और फंड की कमी से बढ़ी नाराजगी



महाराष्ट्र की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में अंदरूनी खींचतान की चर्चाओं ने सियासी हलचल बढ़ा दी है। पार्टी में बढ़ती नाराजगी के बीच सुनेत्रा पवार ने विधायकों की बैठक बुलाकर एकजुटता साधने की कोशिश की है। बैठक को संगठन के भीतर उभर रहे असंतोष के बीच महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी में पार्थ पवार की बढ़ती भूमिका और संगठन पर उनके कथित प्रभाव को लेकर भी चर्चाएं हैं। बताया जा रहा है कि कुछ वरिष्ठ नेता अपनी उपेक्षा और संगठनात्मक फैसलों को लेकर नाराज हैं। वहीं, विकास कार्यों के लिए पर्याप्त निधि नहीं मिलने की शिकायतों ने विधायकों की मुश्किलें बढ़ाई हैं। राजनीति में संगठन की ताकत केवल पदों से नहीं, बल्कि नेताओं के बीच भरोसे और कार्यकर्ताओं के सम्मान से बनती है।

गोरखपुर में योगी की पदयात्रा से सियासी हलचल तेज

'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' के नारे से विपक्ष पर हमला

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को गोरखपुर में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी मौजूद रहे।

पदयात्रा के जरिए भाजपा नेताओं ने लोकतंत्र की मजबूती, राजनीतिक स्थिरता और देश के विकास का संदेश दिया। कार्यक्रम में एनडीए के सहयोगी दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी भी रही। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत का लोकतंत्र जितना मजबूत होगा, देश उतना ही आत्मनिर्भर और विकसित बनेगा। गोरखपुर में आयोजित इस पदयात्रा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के नारे के साथ निकली इस पदयात्रा के माध्यम से पार्टी ने राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर अपनी बात जनता तक पहुंचाने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और एनडीए के सहयोगी दलों



के साथ कार्यक्रम में भाग लेकर गठबंधन की एकजुटता का संदेश भी दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पदयात्रा में शामिल होने की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, "दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ एनडीए के सहयोगी सदस्यों के साथ आज जनपद गोरखपुर में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में सम्मिलित हुआ।" मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में लोकतंत्र को देश की ताकत बताते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था जितनी सशक्त होगी, भारत के विकास की गति भी उतनी ही तेज होगी। उनके मुताबिक, मजबूत लोकतंत्र देश को आत्मनिर्भर बनाने और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

भाजपा नेतृत्व और एनडीए की एकजुटता का संदेश

इस पदयात्रा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी की मौजूदगी को भी राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के नेतृत्व के एक साथ शामिल होने से पार्टी संगठन की सक्रियता और एनडीए की एकजुटता प्रदर्शित करने की कोशिश की गई।

दीपावली पर सभी व्यवस्थाएं रहें चाक-चौबंदः डॉ. मोहन

CM के निर्देश- प्रतिबंधित पटाखों, कार्बाइड गन और कार्बाइड लैंप का उपयोग न होने पाए

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सभी लोग दीपावली हर्ष और आनंद से मनायें, परंतु कहीं भी किसी भी प्रकार असामाजिक काम न हों।

इसके लिए पुलिस और प्रशासन कानून व्यवस्था की सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कर लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दीपावली और किसानों के लिए पीक का समय है। अतः दीपावली पर्व और



किसानों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए प्रदेश का पूरा प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर रहे। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-उर्वरक या अन्य किसी प्रकार की कठिनाई आई तो इसके लिए कलेक्टर्स जिम्मेदार माने जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन से प्रदेश के सभी कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों को अर्जेन्ट वीडियो कान्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे।

डॉल्फिन की अवधी का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन

धर्मेन्द्र गुप्ता की रिपोर्ट

गंज बासोदा के नाम पर एक और बड़ी खेल उपलब्धि जुड़ गई है। श्योंपुर में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में डॉल्फिन विद्यालय की होनहार छात्रा अवधी जैन ने डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक) स्पर्धा में स्वर्णिम प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) पर कब्जा जमाया है।

कक्षा 7वीं में अध्ययनरत अवधी ने प्रतियोगिता के कड़े मुकाबले में अपनी तकनीकी निपुणता और ताकत का परिचय देते हुए 21.33 मीटर की शानदार दूरी तक चक्का फेंककर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक और स्वर्णिम सफलता के साथ ही अवधी का चयन आगामी राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हो गया है, जहाँ वे मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस खबर के आते ही विद्यालय परिवार सहित पूरे नगर में जश्न और हर्ष का माहौल व्याप्त है।

इस बड़ी सफलता के पीछे अवधी जैन की महीनों की कठिन साधना, समर्पण और नियमित अभ्यास की कहानी जुड़ी है। ज्ञात हो कि अवधी पिछले काफी लंबे समय से खेल प्रशिक्षक विजय



शर्मा व गौरव भारद्वाज के कुशल नेतृत्व, तकनीकी देखरेख और मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत कर रही थीं। चाहे कैसा भी मौसम हो अवधी प्रतिदिन शाम को नियम से डॉल्फिन स्कूल के खेल मैदान पर पहुंचती थीं और अन्य खिलाड़ियों के साथ घंटों पसीना बहाती थीं। खेल गुरु विजय शर्मा व गौरव भारद्वाज द्वारा दिए गए विशेष इनपुट और फिटनेस ट्रेनिंग की बदौलत अवधी ने अपनी तकनीक में लगातार सुधार किया। उनकी यही निरंतर मेहनत, खेल के प्रति अटूट निष्ठा और गुरु का सही मार्गदर्शन आखिरकार रंग लाया और उन्होंने राज्य स्तर पर गंज बासौदा व डॉल्फिन स्कूल का नाम पूरे प्रदेश में रोशन कर दिया। यह कोई पहला मौका नहीं है जब नवांकुर डॉल्फिन के किसी खिलाड़ी ने राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया हो। नवांकुर डॉल्फिन से लगातार प्रतिवर्ष छात्र-छात्राओं का चयन राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेल विधाओं में होता आ रहा है। स्कूल की इस गौरवशाली और खेल-समर्पित परंपरा को इस वर्ष भी अवधी जैन ने पूरी मजबूती के साथ बरकरार रखा है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि वे पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास और खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए हमेशा बेहतरीन सुविधाएं और माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अवधी की इस अभूतपूर्व और गौरवमयी उपलब्धि पर संस्था के संचालक शैलेन्द्र दीक्षित और प्राचार्य संदीप नारायण जेटली ने संयुक्त रूप से प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अवधी ने यह साबित कर दिया है कि यदि हौसले बुलंद हों और सही मार्गदर्शन मिले तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अवधी को आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश में मेडल जीतने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही खेल की इस बड़ी सफलता पर हाई स्कूल प्रभारी नीतू तनवानी, माध्यमिक विभाग प्रभारी सुधा दीक्षित, प्राथमिक विभाग प्रभारी रेखा राजपूत, पूर्व प्राथमिक प्रभारी अनुभा रिछारिया, संदीप जैन, उत्कर्ष चौबे सहित समस्त शिक्षक स्टाफ, खेल प्रेमियों और नगर के गणमान्य नागरिकों ने अवधी जैन और उनके प्रशिक्षक विजय शर्मा व गौरव भारद्वाज एवं उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

दीपावली से पहले नगर पंचायत छुरा की पहल, वार्डों में बिछ रही मुरुम की परत

त्योहार पर नगरवासियों को मिलेगी राहत, खराब रास्तों को दुरुस्त करने में जुटी नगर पंचायत; सरकार की जनकल्याणकारी सोच और विधायक के विकास विजन को मिल रही गति



छुरा। दीपावली के पावन पर्व से पहले नगर पंचायत छुरा द्वारा नगरवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न वार्डों में मुरुम डालकर खराब एवं असमतल रास्तों को दुरुस्त कराया जा रहा है। जिन स्थानों पर रास्तों की स्थिति खराब है और लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है, वहां आवश्यकता के अनुसार मुरुम डालकर रास्तों को समतल बनाने का कार्य किया जा रहा है। नगर पंचायत की इस पहल से त्योहार के दौरान नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद है। छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी सोच के अनुरूप नगरीय क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

इसी क्रम में नगर पंचायत छुरा द्वारा दीपावली को ध्यान में रखते हुए आवश्यक स्थानों पर सुधार कार्य कराए जा रहे हैं। क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू के विकास विजन के अनुरूप नगर की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत बनाने की दिशा में भी ऐसे कार्य महत्वपूर्ण हैं।

दीपावली नजदीक आते ही छुरा के बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग बाजार पहुंचते हैं। ऐसे में खराब रास्तों के कारण नागरिकों को असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत द्वारा वार्डों में जरूरत के अनुसार मुरुम डालने का कार्य कराया जा रहा है। बारिश के कारण कई स्थानों पर रास्ते खराब एवं असमतल हो गए थे। इन स्थानों पर मुरुम डालकर आवागमन को सुविधाजनक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे दोपहिया वाहन चालकों, पैदल चलने वाले नागरिकों, बुजुर्गों और बच्चों को राहत मिलने की उम्मीद है।

अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद की पहल, नागरिक सुविधाओं पर जोर

नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने कहा कि दीपावली खुशियों, रोशनी और आपसी सद्भाव का पर्व है। त्योहार के अवसर पर नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से आवश्यकता वाले स्थानों पर मुरुम डालकर रास्तों को दुरुस्त कराया जा रहा है। नगर की साफ-सफाई, नालियों की सफाई और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है, ताकि नागरिकों को त्योहार के दौरान स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण मिल सके।

नगरवासियों की सुविधा सर्वोपरि

नगर पंचायत का प्रयास है कि दीपावली के दौरान किसी भी वार्ड के नागरिकों को खराब रास्तों के कारण अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न स्थानों पर सुधार कार्य कराकर नगर को अधिक व्यवस्थित बनाने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। नगरवासियों को उम्मीद है कि त्योहार से पहले किए जा रहे इन कार्यों से आवागमन आसान होगा और दीपावली का पर्व उत्साह, उमंग एवं खुशियों के साथ मनाया जा सकेगा।

इस दीपावली पहला दीप उन महान योद्धाओं के नाम!



जिनके पराक्रम से हमारी संस्कृति का गौरव जीवित है

जिनके साहस ने स्वाभिमान और धर्मरक्षा का इतिहास रचा, उन महान योद्धाओं महाराणा प्रताप जी एवं छत्रपति शिवाजी महाराज को शत-शत नमन!

पहला दीप शौर्य के नाम, पहला दीप बलिदान के नाम, पहला दीप सनातन के स्वाभिमान के नाम

माँ करणी सेना का आह्वान — इस दीपावली हर सनातनी अपने घर में पहला दीप इन दोनों महापुरुषों के सम्मान में जलाए।

एक दीप – दो महान योद्धाओं के नाम!

एक विशेष मुहिम – माँ करणी सेना

कुंवर धर्मेंद्र सिंह गौतम

राष्ट्रीय अध्यक्ष – माँ करणी सेना

गोपाल गावंडे

राष्ट्रीय अध्यक्ष – सनातन प्रकोष्ठ, माँ करणी सेना

रणजीत टाइम्स

विद्यासागर स्कूल ने मनाया स्थापना का 35वां गौरवशाली वर्ष

रंगारंग और प्रेरणादायक रहा 'सुर और संवाद' समारोह





रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

इंदौर। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट पहचान रखने वाले विद्यासागर स्कूल के स्थापना के 35 गौरवशाली वर्ष पूरे होने पर विद्यालय परिसर में 'सुर और संवाद - एक संगीतमय संध्या एवं टॉक शो' का आयोजन किया।

इस मौके पर संगीत, कला, संस्कृति और प्रेरणा का अद्भुत संगम देखने को मिला और देशविदेश में अपनी खास पहचान रखने वाले कई जाने-मानी हस्तियां भी इस मौके पर शामिल हुईं। आयोजन में प्रसिद्ध प्रेरक वक्ता और भारतीय पौराणिक कथाओं के विशेषज्ञ देवदत्त पटनायक मुख्य अतिथि के रूप में तथा 'हनुमान अंश' की निर्माता और सेक्रेडलप ट्रांस मीडिया टेक की संस्थापक नम्रता सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं जिन्होंने अपनी रचनात्मक कहानी कहने की शैली से भारतीय संस्कृति को वैश्विक मंच पर पहुँचाने के अपने विजन और नीम करौली बाबा की शिक्षाओं से प्रेरित अपने प्रोजेक्ट 'हनुमान अंश' के बारे में विचार साझा किए, वहीं कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय के ही प्रतिभाशाली पूर्व छात्र और 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित पार्श्व गायक अभय जोधपुरकर रहे और उन्होंने अपनी सुरीली और मनमोहक प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा लोकप्रिय रेडियो जॉकी तथागत बैरागी ने एक बेहद दिलचस्प और रोचक टॉक शो का संचालन किया, इसके साथ ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गणेश वंदना, मनमोहक कृष्ण प्रस्तुति, ऊर्जावान तांडव नृत्य और महाभारत की गाथा पर आधारित नृत्य एवं ऑर्केस्ट्रा की शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया और विद्यालय के कनिष्ठ व वरिष्ठ विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास और बेहतरीन साहित्यिक शैली में मंच का सफल संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि देवदत्त पटनायक ने भारतीय पौराणिक कथाओं की आज के समय में प्रासंगिकता और उनके गहरे जीवन- दर्शन पर विचारोत्तेजक बातें कहीं तथा समारोह के अंत में विद्यालय के मेंटर सत्यनारायण जी पटेल और प्राचार्या भावना पुजारी ने सभी विशिष्ट अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट किए और सौम्या जैन ने पधारे हुए सभी अतिथियों व अभिभावकों और उपस्थित जनसमूह का धन्यवाद ज्ञापित किया, जिससे यह भव्य आयोजन हर्षोल्लास और अनगिनत सुनहरी यादों के साथ संपन्न हुआ।

ग्राम पीपलखेड़ा कला में किसानों को वितरित की गई फसल बीमा पॉलिसियाँ



रणजीत टाइम्स-धर्मेन्द्र गुप्ता
ranjeettimes.com

अंतर्गत 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' कार्यक्रम के तहत आज ग्राम पंचायत पीपलखेड़ा कला में SBI जनरल द्वारा फसल बीमा पॉलिसी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान किसानों को उनकी फसल बीमा पॉलिसियों का वितरण किया गया। साथ ही किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। किसानों को बताया गया कि प्राकृतिक आपदाओं एवं अन्य जोखिमों के कारण फसलों को नुकसान होने की स्थिति में योजना के प्रावधानों के अनुसार बीमा लाभ कैसे प्राप्त किया जा सकता है।इस अवसर पर किसानों को फसल बीमा पॉलिसी को सुरक्षित रखने, बीमा संबंधी आवश्यक जानकारी समझने तथा फसल नुकसान होने पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सूचना देने के बारे में भी जागरूक किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को फसल बीमा योजना के प्रति जागरूक करना, उन्हें उनकी बीमा पॉलिसी उपलब्ध कराना तथा योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया से अवगत कराना रहा।

माननीय प्रधान मजिस्ट्रेट ने की उत्पादों की सराहना

जिला न्यायालय परिसर में बालिकाओं द्वारा निर्मित दीपावली के हस्तनिर्मित उत्पादों का स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहा

रणजीत टाइम्स-धर्मेन्द्र गुप्ता
ranjeettimes.com

महिला एवं बाल विकास विभाग विदिशा द्वारा संचालित बालिका संप्रेक्षण गृह में निवासरत विधि का उल्लंघन करने वाले बालिकाओं द्वारा प्रशिक्षक श्रीमती सोनिला डेविड के मार्गदर्शन में दीपावली पर्व के अवसर पर विभिन्न प्रकार की आकर्षक एवं उपयोगी हस्तनिर्मित सजावटी सामग्री एवं दीपावली उत्पाद तैयार किए गए।इन बालिकाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों के प्रदर्शन एवं विक्रय हेतु जिला न्यायालय परिसर विदिशा में विशेष स्टॉल लगाया गया। स्टॉल पर बालिकाओं द्वारा अपने हुनर रचनात्मकता एवं मेहनत से तैयार की गई विभिन्न प्रकार की सजावटी वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया जिन्हें आगंतुकों द्वारा सराहा गया तथा उत्साहपूर्वक क्रय किया गया। माननीय अतिरिक्त जिला जज श्री राजेश शर्मा एवं माननीय प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती संचिता भदकारिया द्वारा विशेष रूप से बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया गया। इसके साथ ही माननीय अतिरिक्त जिला जज श्री राजेश शर्मा जी द्वारा बालिका संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण करके बालिकाओं से आत्मीय संवाद किया गया एवं अधीक्षक श्रीमती आकांक्षा मरावी को बच्चों की काउंसलिंग हेतु निर्देशित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता कांसवा के निर्देशन में इस पहल के माध्यम से बालिकाओं को अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने कौशल विकास करने तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हुआ। स्टॉल के माध्यम से कुल 8000 आठ हजार रुपये की बिक्री हुई।



प्राप्त विक्रय राशि का उपयोग बालिका संप्रेक्षण गृह में निवासरत

बालिकाओं के लिए चांदी के आभूषण क्रय करने में किया जाएगा। यह पहल बालिकाओं में सहयोग संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के साथ.साथ बालिकाओं के प्रति अपनत्व एवं सद्भावना का भी प्रेरक उदाहरण है।महिला एवं बाल विकास विभाग की इस पहल का उद्देश्य बालकों के कौशल को प्रोत्साहित करना उनमें आत्मविश्वास विकसित करना तथा पुनर्वास एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों को सशक्त बनाना है।

धनतेरस : आंतरिक व शारीरिक समृद्धि की प्राप्ति का अवसर सहजयोग आज का महायोग

भारतीय संस्कृति में स्वास्थ्य का स्थान धन से ऊपर माना जाता रहा है कहते हैं ना अच्छा स्वास्थ्य हो धन स्वयंमेव आ जायेगा। यह कहावत आज भी प्रचलित है कि 'पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में माया' इसलिए दीपावली में सबसे पहले धनतेरस को महत्व दिया जाता है। जो भारतीय संस्कृति के हिसाब से बिल्कुल अनुकूल है। शास्त्रों में वर्णित कथाओं के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन भगवान धनवंतरी अपने हाथों में अमृत कलश लेकर प्रकट हुए। मान्यता है कि भगवान धनवंतरी विष्णु के अंशावतार हैं। इस घोर कलियुग में प्रेम तत्व ही वो रसायन है जो मनुष्य के मन, बुद्धि और अहंकार को सिक्त करके निष्काम और उत्तम कार्य की प्रेरणा देकर उसे त्याग और तपस्या के योग्य बनाता है। जब हम इन दुर्गुणों को त्याग देते हैं तब हममें अमृतमयी प्रेम प्रस्थापित होता है। संसार में चिकित्सा विज्ञान के विस्तार और प्रसार के लिए ही भगवान विष्णु ने धनवंतरी का अवतार लिया था। भगवान धनवंतरी के प्रकट होने के उपलक्ष्य में ही धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है।



मान्यता है कि इस दिन सोना, चांदी या कोई अन्य मूल्यवान वस्तु खरीदने से सौभाग्य, सफलता और बुरी नज़र से सुरक्षा मिलती है। इस दिन लोग भगवान कुबेर और देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं और कुछ नया खरीदते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन समुद्र मंथन के दौरान देवी लक्ष्मी दूध के सागर से निकली थीं। यहाँ यह स्पष्ट है धनतेरस निश्चित रुप से धन्वंतरि के साथ साथ धन के देवता कुबेर की भी पूजा की जाती है। सिर्फ धन की चाहत रख धनतेरस मनाना सार्थक नहीं क्योंकि धन कई बार अनैतिकता की ओर खींचता है। सहज योग में संतुष्ट सहजी साधक सिर्फ निरोगी रहने की आकांक्षा से धन्वंतरि की साधना अपने अंतर में करते हैं। सहज योग में धनवन्तरि का मंत्र लेते हुये साधक अपने सहस्त्रार चक्र पर ध्यान करते हैं। परमपूज्य श्री माताजी साक्षात धन्वंतरि स्वरुप हैं। असाध्य रोगों का इलाज सहज योग माध्यम से संभव होता है। हमारे अंदर से प्रवाहित चैतन्य हमारे चक्रों को स्वस्थ रखता है और हर सहजी निरोगी काया का मालिक होता है। बशर्ते वह नियमित ध्यान धारणा करता हो। धनतेरस दीपावली का प्रथम दिन है, तब से ही अपने घरों में दीप जलाना शुरु करते हैं। दीपक हमारे हृदय के अंधकार को दूर कर उजाला प्रज्ज्वलित करे तभी धनतेरस सार्थक होगा। हृदय के विशाल होते ही हमारा शरीर बीमारी रहित हो जाता है। प्रेम से अपने अंतर को पोषित करने की विधी सहज योग माध्यम से सीखा जा सकता है। वास्तव में प्रेम का दीया ही प्रज्ज्वलित होना चाहिए अंतस में ताकि हम अपने साथ साथ अन्यों को भी निरोगी रहने को प्रेरित कर सकें। हमारे अंदर दीप जलेगा तोर हम अन्य दीपों को भी रौशनी दे पायेंगे। अपने अंदर धन्वंतरि को जागृत करने हेतु सहज योग से जुड़ना सुखकर होगा। सहज योग निशुल्क भी है और आसान भी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी हेतु टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 वेबसाइट www.sahajayoga.org.in

दीपावली की आहट के साथ गूंजने लगे सुआ गीत,
गांवों में आज भी जीवंत है छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति

आधुनिकता की दौड़ में शहरों से सिमटती जा रही पारंपरिक विरासत, ग्रामीण अंचलों में बालिकाएं और महिलाएं संभाल रही सांस्कृतिक परंपरा की कमान



छुरा। दीपावली का पर्व नजदीक आते ही छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक लोकगीतों और लोकनृत्यों की गूंज सुनाई देने लगती है। इन्हीं लोक परंपराओं में सुआ नृत्य का विशेष स्थान है।

महिलाओं और युवतियों द्वारा गोल घेरा बनाकर तालियों की थाप पर सुआ गीत गाते हुए किया जाने वाला यह पारंपरिक नृत्य छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और ग्रामीण जीवन की सुंदर पहचान है। सुआ गीतों की मधुर धुन और नृत्य की लयबद्ध प्रस्तुति देखकर मन आनंदित हो उठता है। सुआ नृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की कृषि संस्कृति, लोक आस्था, सामाजिक परंपरा और भावनाओं से जुड़ी एक अनमोल विरासत है। इसका संबंध मुख्य रूप से नई फसल के आगमन, धान की कटाई की खुशी और प्रकृति के प्रति आभार से माना जाता है। लोकगीतों में भगवान शिव-पार्वती के गौरा-गौरी विवाह प्रसंग और लोक जीवन से जुड़ी अनेक कथाओं की झलक भी देखने को मिलती है।

सुआ को संदेशवाहक मानकर करती हैं पूजा

इस नृत्य की सबसे खास विशेषता है सुआ अर्थात तोते का प्रतीक। महिलाएं मिट्टी या लकड़ी से बने तोते को धान अथवा अनाज से भरी टोकरी के बीच स्थापित करती हैं। इसके चारों ओर गोल घेरा बनाकर महिलाएं और बालिकाएं सामूहिक रूप से गीत गाती हैं और तालियों की थाप पर नृत्य करती हैं। लोकमान्यता के अनुसार सुआ को संदेशवाहक माना जाता है, जिसके माध्यम से महिलाएं अपने मन की भावनाएं और संदेश अपने प्रिय(देवी-देवताओं)तक पहुंचाने की कल्पना करती हैं। गीतों में प्रेम, विरह, पारिवारिक जीवन, सामाजिक परिस्थितियों और धार्मिक आस्था की अभिव्यक्ति होती है।

शहरों में सिमटती परंपरा, गांवों में अब भी कायम है पहचान

एक समय था जब सुआ नृत्य केवल ग्रामीण अंचलों तक सीमित नहीं था, बल्कि धीरे-धीरे शहरों और सार्वजनिक सांस्कृतिक आयोजनों में भी अपनी पहचान बना रहा था। लेकिन बदलती जीवनशैली, आधुनिक मनोरंजन के साधनों और नई पीढ़ी की बदलती रुचियों के बीच यह परंपरा कई स्थानों पर कमजोर पड़ती दिखाई दे रही है। विकास और आधुनिकता ने जहां जीवन को सुविधाजनक बनाया है, वहीं कहीं न कहीं हमारी पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत पर भी इसका प्रभाव पड़ा है। छत्तीसगढ़ अपनी विशिष्ट लोककला, लोकगीत, नृत्य, तीज-त्योहार और परंपराओं के लिए देशभर में अलग पहचान रखता है। ऐसे में सुआ नृत्य जैसी सांस्कृतिक धरोहर का धीरे-धीरे सीमित होते जाना चिंता का विषय है। हालांकि छुरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी बालिकाएं और महिलाएं इस परंपरा को पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ निभा रही हैं। दीपावली के पहले गांवों में सुआ गीतों की गूंज इस बात का प्रमाण है कि लोक संस्कृति की जड़ें आज भी ग्रामीण समाज में मजबूत हैं।

नई पीढ़ी तक पहुंचे यह विरासत

लोक संस्कृति किसी भी समाज की पहचान होती है। इसे केवल त्योहारों और आयोजनों तक सीमित रखने के बजाय नई पीढ़ी को इससे जोड़ना भी जरूरी है। यदि बच्चों और युवाओं को पारंपरिक गीतों, नृत्यों और उनकी सांस्कृतिक महत्ता से परिचित कराया जाए तो आने वाली पीढ़ियां भी इस विरासत को आगे बढ़ा सकेंगी।

सुआ नृत्य की थाप केवल एक लोकनृत्य की आवाज नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की मिट्टी, खेती-किसानी, आस्था और सांस्कृतिक पहचान की धड़कन है। जरूरत है कि इस धरोहर को विलुप्त होने से बचाने के लिए समाज मिलकर प्रयास करे।

राजनीतिक विश्लेषक संजीव तारनाच बने 'कांग्रेस सेवादल लीगल' के राष्ट्रीय चेयरमैन



रणजीत टाइम्स

ranjeettimes.com

नई दिल्लीः कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, जाने-माने राजनीतिक विश्लेषक और कांग्रेस सेवादल के वरिष्ठ नेता संजीव तारनाच को 'कांग्रेस सेवादल लीगल' का राष्ट्रीय चेयरमैन नियुक्त किया गया है। यह महत्वपूर्ण नियुक्ति भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी. वी. की संस्तुति पर की गई है। दिल्ली स्थित कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय कार्यालय में एक गरिमामयी प्रक्रिया के तहत उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई

संगठन में हर्ष की लहर

संजीव तारनाच को राष्ट्रीय चेयरमैन बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस नियुक्ति पर मध्य प्रदेश मीडिया सेल एवं राष्ट्रीय मीडिया सेल के समस्त पदाधिकारियों ने गहरा हर्ष व्यक्त किया है और उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। मीडिया सेल के प्रतिनिधियों ने विश्वास जताया है कि संजीव तारनाच के विधिवेत्ता (legal) अनुभव और कुशल नेतृत्व से सेवादल को वैचारिक और कानूनी मोर्चे पर और अधिक मजबूती मिलेगी।

दीपावली पर्व को लेकर झाबुआ पुलिस अलर्ट पटाखा दुकानों एवं यातायात व्यवस्था का किया निरीक्षण

सुरक्षा मानकों, पटाखा दुकानों के लाइसेंस एवं यातायात व्यवस्था का लिया जायजा, दुकानदारों और नागरिकों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

सलीम हुसैन

आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत आम नागरिकों की सुरक्षा, सुविधा एवं जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से झाबुआ पुलिस द्वारा जिलेभर में पटाखा दुकानों एवं यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पटाखा



दुकानों की सघन जांच की गई। इस दौरान दुकानों के लाइसेंस, विस्फोटक सामग्री के सुरक्षित भंडारण एवं निर्धारित सुरक्षा मानकों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही कार्बाइड गन का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी गई। इसी क्रम में बाजार क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों एवं व्यस्त मार्गों पर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया। ठेला चालकों, दुकानदारों एवं नागरिकों को सड़क पर अतिक्रमण एवं अव्यवस्था नहीं फैलाने तथा यातायात सुचारु बनाए रखने में सहयोग करने की समझाइश दी गई। त्योहार के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है।

झाबुआ पुलिस की आमजन से अपील

समस्त नागरिक दीपावली का पर्व शांति, सौहार्द एवं सुरक्षित वातावरण में मनाएं। पटाखों का उपयोग सावधानीपूर्वक करें तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाना अथवा डायल 112 पर दें।

Bright Future
LEARNING ACADEMY
An Initiative by
RANJEET TIMES GROUP
मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
ADMISSIONS OPEN
2026-27
KG-1 to Class 10
QUALITY EDUCATION
EXPERIENCED FACULTY
VALUES & DISCIPLINE
HOLISTIC DEVELOPMENT
हर बच्चे का उज्जवल भविष्य हमारी प्राथमिकता
प्रवेश हेतु संपर्क करें
9827068888
BRIGHT FUTURE LEARNING ACADEMY
An Initiative by RANJEET TIMES GROUP
आधुनिक शिक्षा | अनुभवी शिक्षक | सुरक्षित परिसर | सर्वांगीण विकास

मैदानी अमले से नियमित संवाद

प्रोत्साहन और संवेदनशील व्यवहार से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में होगा सुधार : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह एवं निवाड़ी जिले में पदस्थ बॉन्डेड डॉक्टर्स से किया संवाद

भोपाल (नप्र)। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निवास कार्यालय भोपाल से टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह एवं निवाड़ी जिले में पदस्थ बॉन्डेड डॉक्टर्स से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की मैदानी स्थिति एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर (एमएमआर एवं आईएमआर) में कमी लाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। इसके लिए गर्भवती महिलाओं की नियमित एएनसी जांच, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) की शत-प्रतिशत पहचान तथा जोखिम के अनुरूप उपयुक्त स्वास्थ्य संस्थान में समय रहते भर्ती एवं उपचार सुनिश्चित किया जाए। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को प्रसव की संभावित तिथि से लगभग एक सप्ताह पूर्व उपयुक्त संस्थान में भर्ती कराने की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि समय का उचित प्रबंधन कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाए रखता है। इससे कार्यों की गुणवत्ता और परिणाम दोनों में सुधार होता है। उन्होंने चिकित्सकों को अपने दायित्वों का बेहतर नियोजन करने तथा सेवा के प्रति समर्पण और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बीएमओ एवं सीएमएचओ को स्वास्थ्य संस्थानों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थानों में स्वच्छता, आवश्यक पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता तथा मरीजों को समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। संवाद के दौरान टीकमगढ़ जिले के पीएचसी बराना की डॉ. भूमि सक्सेना ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ का अच्छा सहयोग मिलता है तथा ग्रामीणजन स्वास्थ्य सेवाओं से संतुष्ट हैं और नियमित रूप से स्वास्थ्य केंद्र आते हैं।



रोकथाम और समय रहते पहचान पर विशेष जोर

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि 'प्रिवेंशन इज बेटर दैन क्योर' की अवधारणा के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन किया जाए। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के माध्यम से एनसीडी सहित विभिन्न बीमारियों की समय रहते पहचान कर आवश्यक उपचार सुनिश्चित करें। आमजन को स्वस्थ जीवनशैली, नियमित जांच, संतुलित खानपान एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने टेलीमेडिसिन सेवाओं का आवश्यकता के अनुसार प्रभावी उपयोग करने तथा मरीजों को अनावश्यक रूप से रेफर नहीं करने की बात कही।

पैरामेडिकल महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया 15 नवम्बर के पूर्व करें पूर्ण : शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की वृहद समीक्षा की। बैठक में प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के विस्तार, स्वास्थ्य संस्थानों में विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता, मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं के विकास, मानव संसाधन की पूर्ति तथा विभागीय भर्ती एवं प्रवेश प्रक्रियाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सभी महत्वपूर्ण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने और लंबित प्रक्रियाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रदेश में संचालित पैरामेडिकल महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रवेश की समस्त कार्यवाही 15 नवम्बर 2026 के पूर्व पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए, ताकि शैक्षणिक गतिविधियां समय पर प्रारंभ हो सकें और विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेश के पुराने 5 मेडिकल कॉलेजों में मेडिकल ऑनकोलॉजी एवं सर्जिकल ऑनकोलॉजी विभाग विकसित करने की कार्यवाही प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

विधायक निर्मला सप्रे मामले में सुप्रीम कोर्ट का कड़ा निर्देश

मप्र विधानसभा अध्यक्ष दो महीने के भीतर लें फैसला



सागर (नप्र)। बीना विधानसभा सीट से विधायक निर्मला सप्रे की सदस्यता से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश दिया है कि वे दो महीने के भीतर इस मामले में नियमानुसार उचित फैसला लें। यह आदेश प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता उमंग सिंघार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद आया है।

दल बदल कानून के उल्लंघन का आरोप- गौरतलब है कि निर्मला सप्रे ने वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर बीना सीट से जीत हासिल की थी। हालांकि, चुनाव जीतने के कुछ समय बाद ही वह बीजेपी में शामिल हो गईं। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने इसे संविधान की दसवीं अनुसूची यानी दल-बदल कानून का उल्लंघन बताते हुए उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त करने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने क्या कहा? मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने याचिकाकर्ता का पक्ष रखा। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट टिप्पणी करते हुए कहा कि दल-बदल विरोधी कानून से जुड़े मामलों का समयबद्ध और तुरंत निराकरण किया जाना बहुत जरूरी है। अदालत ने माना कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसे मामलों को लंबे समय तक लंबित नहीं रखा जा सकता। वहीं, दूसरी ओर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर इस मामले में सुनवाई की प्रक्रिया पहले ही पूरी कर चुके हैं और दोनों पक्षों की ओर से दस्तावेज व जवाब दाखिल किए जा चुके हैं। दसवीं अनुसूची: भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत दल-बदल विरोधी कानून तय किया गया है। इसके जरिए निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा राजनीतिक दल बदलने पर रोक लगाने और अयोग्यता तय करने के नियम बनाए गए हैं।

भोपाल से सीधे अयोध्या...और बदला जाएगा विंध्याचल एक्सप्रेस का समय

सांसद रजनीश कुमार अग्रवाल ने अयोध्या ट्रेन से लेकर स्टेशन विकास तक, रेलवे के सामने रखे प्रस्ताव

भोपाल (नप्र)। रेल मंडल भोपाल में यात्री सुविधाओं और रेल कनेक्टिविटी के विस्तार को लेकर सांसदों की बैठक में राज्यसभा सांसद रजनीश कुमार अग्रवाल ने कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई बैठक में उन्होंने छोटे शहरों के स्टेशनों के विकास, नई रेल सेवाओं और मौजूदा ट्रेनों के विस्तार से संबंधित नौ मांगें रखीं।

इनमें भोपाल से अयोध्या के लिए प्रतिदिन सीधी ट्रेन चलाने और महामना एक्सप्रेस को रानी कमलापति स्टेशन तक विस्तारित करने का प्रस्ताव प्रमुख रहा।

मंडी बामोरा और बीना के लिए कई प्रस्ताव- बैठक में मंडी बामोरा स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल कर विकसित करने और यहां प्रधानमंत्री गति शक्ति कार्गो टर्मिनल स्थापित करने की मांग की गई। बीना रेलवे स्टेशन के पास पीपीपी मॉडल पर आरएलडीए के माध्यम से बड़े अस्पताल की स्थापना का प्रस्ताव भी रखा गया।

बीना स्टेशन पर जरूरी यात्री सुविधाएं, अतिरिक्त ट्रेनों के ठहराव, बीना-सागर रेलवे अंडरब्रिज और मालगोदाम तक पहुंच मार्ग बनाने की मांग की गई। बीना मालखेड़ी स्टेशन को दोबारा भोपाल मंडल में शामिल करने और झांसी तथा कटनी रेल लाइनों से जुड़ी रेलवे सीमाओं का पुनर्निर्धारण करने का विषय भी अधिकारियों के सामने रखा गया।

सफाई, पेयजल और सुरक्षा पर भी जोर- रेलवे स्टेशनों पर नियमित सफाई, स्वच्छ शौचालय और यात्रियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की गई।



अयोध्या के लिए सीधी ट्रेन, महामना एक्सप्रेस का भी विस्तार

सांसद अग्रवाल ने मांग की कि भोपाल या रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से अयोध्या के लिए रोजाना सीधी ट्रेन चलाई जाए। इस ट्रेन का ठहराव विदिशा, गंजबासौदा, मंडी बामोरा और बीना में रखने का प्रस्ताव दिया गया। इसके अलावा महामना एक्सप्रेस का विस्तार रानी कमलापति स्टेशन तक करने की मांग भी रखी गई। मंडी बामोरा में प्रयागराज एक्सप्रेस, इटारसी एक्सप्रेस और पातालकोट एक्सप्रेस के ठहराव का मुद्दा भी उठाया गया।

विंध्याचल एक्सप्रेस की टाइमिंग बदलने का प्रस्ताव

सांसद ने विंध्याचल एक्सप्रेस को भोपाल से शाम 6 :20 बजे के बजाय 7 :50 बजे रवाना करने की मांग की। भोपाल-जोधपुर ट्रेन का महादेव खेड़ी स्टेशन पर ठहराव और महादेव खेड़ी, समरखेड़ी तथा कंजिया स्टेशनों तक पहुंच मार्ग बनाने का प्रस्ताव भी दिया।

पानी की बर्बादी पर निगम का डंडा, कार धोई तो 10 हजार तक जुर्माना

मोटर लगाकर पाइप लाइन से सीधे पानी खींचा तो कार्रवाई

इंदौर। गर्मी के मौसम में संभावित जल संकट से निपटने और शहर में पानी की बर्बादी रोकने के लिए नगर निगम ने सख्त कदम उठाने की तैयारी कर ली है। अब नर्मदा या बोरिंग के पानी से कार धोना और सार्वजनिक जल संसाधनों का अनावश्यक इस्तेमाल जेब पर भारी पड़ेगा। ऐसे मामलों में पहली बार 2 हजार, दूसरी बार 5 हजार और तीसरी बार से प्रत्येक उल्लंघन पर 10 हजार रुपए तक जुर्माना लगाया जाएगा। सोमवार को महापौर परिषद (एमआईसी) की बैठक में नई जल नीति को मंजूरी दे दी गई। नगर निगम की नजर अब उन घरों पर भी रहेगी, जहां मोटर लगाकर पाइप लाइन से सीधे पानी खींचा जाता है। इससे आसपास के घरों में जलापूर्ति प्रभावित होने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई होगी। निगम ने अवैध नल कनेक्शनों को नियमित कराने के लिए 12 नवंबर से विशेष अभियान शुरू करने का फैसला किया है। यह अभियान 21 दिन चलेगा। इसके बाद शहरभर में कनेक्शनों की जांच होगी और अवैध कनेक्शन मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

टैंकरों पर कैमरों से नजर- नगर निगम जल वितरण व्यवस्था पर निगरानी बढ़ाने के लिए 30 से अधिक नए टैंकर खरीदेगा। सभी हाइड्रेंट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि पानी भरने से लेकर टैंकरों के वितरण तक की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। सार्वजनिक जल स्रोतों के दुरुपयोग और पानी की बर्बादी की शिकायत मिलने पर भी इसी जुर्माना व्यवस्था के तहत कार्रवाई होगी।



टैंकर संचालकों को मोहलत

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि जिन लोगों और एजेंसियों ने अपने स्तर पर पानी के टैंकर लगा रखे हैं, उन्हें अगले 7 दिन में अपनी व्यवस्था सुधारनी होगी। टैंकर संचालन में लापरवाही, पानी के वितरण में गड़बड़ी या निर्धारित नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाया जाएगा। इस मामले में नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी, निगम की एजेंसियां और निगम द्वारा नियुक्त टैंकर संचालक भी कार्रवाई से बाहर नहीं रहेंगे। नियमों की अनदेखी मिलने पर उनके खिलाफ भी दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे।

कई प्रस्तावों पर फैसला- नगर निगम मुख्यालय में सोमवार दोपहर बाद शुरू हुई महापौर परिषद की बैठक 3 घंटे से अधिक चली। इसमें जल प्रबंधन और अवैध कनेक्शनों के अलावा विज्ञापन नीति, आवास योजनाओं और कर्मचारियों के नियमितीकरण सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। नई जल नीति के जरिए नगर निगम ने साफ कर दिया है कि शहर में पानी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए अब उसकी बर्बादी और मनमाने इस्तेमाल पर सख्ती होगी। खास तौर पर गर्मी में जलापूर्ति का दबाव बढ़ने से पहले वितरण व्यवस्था दुरुस्त करने और अवैध कनेक्शनों पर नियंत्रण की तैयारी की जा रही है।

30 बिस्तरों के स्थायी वार्ड में दिव्यांग बच्चों का मुफ्त इलाज, ऑपरेशन भी

'आरोग्य भारती' ने बढ़ाया सेवा का दायरा, इंदौर में आज लोकार्पण

इंदौर। दिव्यांग बच्चों के इलाज में आर्थिक परेशानी अब उनके परिवारों के सामने बाधा नहीं बनेगी। इंदौर में ऐसे बच्चों के लिए 30 बिस्तरों वाला निःशुल्क बाल सेवा विशिष्ट वार्ड शुरू होने जा रहा है। यहां बच्चों के उपचार, ऑपरेशन और पुनर्वास की व्यवस्था रहेगी। आरोग्य भारती इंदौर महानगर और नीमा इंस्टीट्यूट फॉर ऑर्थोपेडिक एंड रिहैबिलिटेशन ट्रस्ट ने मिलकर यह वार्ड तैयार किया है। 5 नवंबर को इसका लोकार्पण होगा। अब तक इस दिशा में चिकित्सा शिविरों के जरिए काम किया जा रहा था, लेकिन स्थायी वार्ड बनने से जरूरतमंद बच्चों को नियमित उपचार की सुविधा मिल सकेगी। खासकर उन परिवारों को राहत मिलेगी, जो पैसों की कमी के कारण बच्चों का ऑपरेशन नहीं करा पाते या इलाज बीच में ही छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। वार्ड में बच्चों की जांच, उपचार, शल्य चिकित्सा और ऑपरेशन के बाद पुनर्वास की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराने की योजना है। लोकार्पण समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-सरकार्यवाह आलोक कुमार मुख्य अतिथि होंगे।

आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ अशोक कुमार वार्ष्णेय विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

शिविरों में 30 हजार ऑपरेशन

डॉ प्रमोद नीमा ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के निःशुल्क उपचार का यह अभियान 1991 में शुरू हुआ था। तब से अब तक मध्यप्रदेश के अलग-अलग जिलों में 548 चिकित्सा शिविर लगाए जा चुके हैं। इन शिविरों के माध्यम से करीब 30 हजार बच्चों के निःशुल्क ऑपरेशन किए गए। बच्चों की पहचान और चिकित्सकीय जांच के साथ जरूरत के मुताबिक सर्जरी, कृत्रिम उपकरण और पुनर्वास की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। इतने वर्षों तक शिविरों के माध्यम से हजारों बच्चों तक उपचार पहुंचाने के बाद अब इस काम को स्थायी केंद्र मिल रहा है। 30 बिस्तरों का यह वार्ड केवल ऑपरेशन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उपचार के बाद बच्चों को शारीरिक रूप से सक्षम बनाने और उन्हें बेहतर जीवन के लिए तैयार करने पर भी ध्यान दिया जाएगा।

नशे और हथियारों का नेटवर्क क्राइम ब्रांच ने तोड़ा, दो जिलों से धरपकड़

एमडी ड्रग्स और हथियार तस्करी मामलों में लिंक की तलाश जारी

इंदौर। शहर में नशे और अवैध हथियारों की सप्लाई चेन तोड़ने के लिए क्राइम ब्रांच ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एमडी ड्रग्स तस्करी में आजाद नगर निवासी मोहम्मद अरबाज उर्फ छोटू (29) को पकड़ा गया, जबकि अवैध हथियारों की सप्लाई में बड़वानी के पलसूद निवासी सतवंत सिंह (24) को गिरफ्तार किया गया है। पहले मामले में 25 अगस्त को डीआरपी लाइन अस्पताल के सामने शांतिपथ रोड से फैजान पठान उर्फ बारीक को 52.71 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया था। जब्त ड्रग्स की कीमत करीब 5.20 लाख रुपए बताई गई थी। पूछताछ और जांच में अरबाज की भूमिका सामने आने पर उसे गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/29 जोड़ी गई। अरबाज के खिलाफ पहले भी हत्या के प्रयास और बलवे का प्रकरण दर्ज है। दूसरी कार्रवाई में 2025 में रीजनल पार्क के पास चार देशी पिस्टल के साथ पकड़े गए ग्वालियर निवासी राहुल जोशी से पूछताछ के आधार पर सतवंत तक पुलिस पहुंची। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की गई है।

क्राइम ब्रांच अब दोनों आरोपियों से हथियारों और नशे की मूल सप्लाई, खरीदारों तथा नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस के मुताबिक, 2026 में अब तक एनडीपीएस के 84 मामलों में 188 आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। करीब 4.38 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ और वाहन जब्त किए गए हैं। वहीं आर्म्स एक्ट के दो मामलों में छह आरोपी पकड़कर सात पिस्टल, एक कट्टा और आठ कारतूस जब्त किए गए हैं।

लोकायुक्त छापे में सहकारी समिति प्रबंधक की 2.41 करोड़ की संपत्ति

वेतन मिला 65 लाख, धार में 3 ठिकानों पर एक साथ तलाशी

इंदौर। धार जिले में बुधवार तड़के लोकायुक्त ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक शेरसिंह ठाकुर के 3 ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। शुरुआती जांच में उनकी संपत्ति और घोषित आय के बीच बड़ा अंतर सामने आया है। करीब 20 साल की नौकरी में ठाकुर को वेतन के रूप में 65 लाख रुपए मिले, जबकि इस अवधि में उन्होंने 2 करोड़ 41 लाख 45 हजार रुपए की संपत्ति अर्जित करने और खर्च करने की जानकारी मिली है। लोकायुक्त के प्रारंभिक आकलन में यह संपत्ति उनकी वैध आय से 271.46 प्रतिशत अधिक पाई गई है। इस खुलासे के बाद अब उनकी संपत्तियों के स्रोत और आर्थिक लेन-देन की पड़ताल की जा रही है। लोकायुक्त ने शेरसिंह ठाकुर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। बुधवार सुबह से ही लोकायुक्त की 3 टीमें सोडपुर, नालछा और मांडव स्थित उनके ठिकानों पर दस्तावेजों और संपत्तियों की जांच में जुटी हैं। कार्रवाई में मकान,



जमीन, व्यावसायिक भवन, वाहन और कृषि उपकरणों की जानकारी जुटाई जा रही है।

जांच में ठाकुर की अचल संपत्तियों का जो ब्योरा सामने आया है, उसमें सोडपुर का दो मंजिला मकान प्रमुख है। ग्राम सोडपुर, तहसील नालछा में उन्होंने 0.1520 हेक्टेयर का भूखंड खरीदा और उस पर करीब 2400 वर्गफीट क्षेत्र में दो मंजिला मकान बनवाया। भूखंड की कीमत और निर्माण लागत मिलाकर इस पर लगभग 97 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है। इसके अलावा नालछा में मांडव रोड स्थित सोडपुर तिराहे पर 1350 वर्गफीट का एक अन्य भवन भी खरीदा गया है। इस भवन का इस्तेमाल व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। इसकी अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपए बताई गई है। लोकायुक्त की टीम इन संपत्तियों के दस्तावेज और वास्तविक बाजार मूल्य का मिलान कर रही है। जांच का दायरा ठाकुर की पत्नी कविता के नाम दर्ज संपत्तियों तक भी पहुंचा है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, ग्राम सोडपुर, तहसील पीथमपुर में 0.645 हेक्टेयर कृषि भूमि 8 लाख रुपए में खरीदी गई। ठाकुर के यहां से महंगे वाहनों और मशीनों की जानकारी भी मिली है। लोकायुक्त के मुताबिक, उनके पास जेसीबी, महिंद्रा ट्रैक्टर, महिंद्रा टीयूवी, ऑल्टो कार और बुलेट मोटरसाइकिल के अलावा कई कृषि यंत्र और उपकरण हैं। इन सभी की अनुमानित कीमत करीब 53 लाख रुपए आंकी गई है।

मनावर में 54 लाख का अवैध गांजा जब्त,

मनावर (धार)। संवाददाता कौशिक पंडित। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत मनावर पुलिस ने बुधवार को ग्राम करौंदिया खुर्द, उमरबन में बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने कपास और तुअर की फसल के बीच



उगाए गए गांजे के 150 हरे पौधे जब्त किए, जिनका कुल वजन 4 क्विंटल 51 किलोग्राम और अनुमानित कीमत 54 लाख 12 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर एवं एसडीओपी प्रदीप वाल्टर के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर उमरबन चौकी पुलिस ने खेत में दबिश देकर आरोपी मुन्ना गावड़ (38), निवासी करौंदिया खुर्द को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

होसबाले बोले-हमने पूरा किया आरएसएस का संकल्प

हमें राम मंदिर बनाकर दिखाना था, वह हमने बना दिया:संघ

इंदौर में सरकार्यवाह ने कहा-आरक्षण को लेकर न हो राजनीति



इंदौर (एजेंसी)। इंदौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक बुधवार को समाप्त हो गई। डेली कॉलेज में 2 नवंबर से चल रही इस बैठक में देशभर से करीब 400 प्रतिनिधि शामिल हुए। समापन के बाद सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने आरक्षण, मंदिरों के मामलों, संगठन विस्तार, एसआईआर, संघ के पंजीयन और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर संघ का पक्ष रखा। आरक्षण पर होसबाले ने कहा कि सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को जब तक समान अवसर नहीं मिलते, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। इसका लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए। कृष्ण जन्मभूमि समेत अदालतों में चल रहे मंदिरों के मामलों पर उन्होंने कहा, 'हमें राम मंदिर बनाकर दिखाना था, वह हमने बना दिया।

एक साल में 10,241 नए स्थानों तक पहुंचा संघ

होसबाले ने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष में संगठन का विस्तार हुआ है। एक साल में संघ की पहुंच 10,241 नए स्थानों तक बढ़ी है। अब देश के 63,208 स्थानों पर 99,423 शाखाएं संचालित हो रही हैं।

मोबाइल से दूर रखने के बजाय बच्चों को संस्कार दें

नए जनसंचार माध्यमों और मोबाइल के इस्तेमाल पर होसबाले ने कहा कि तकनीक को रोकना आसान नहीं है। बच्चों को इंटरनेट और मोबाइल से पूरी तरह दूर रखने के बजाय उन्हें सही संस्कार देना जरूरी है। स्कूल, कॉलेज और सामाजिक संस्थाओं की इसमें अहम भूमिका है। माता-पिता को तय करना चाहिए कि बच्चों को किस उम्र में डिवाइस देना है और वे कितनी देर उसका इस्तेमाल करें। उन्होंने परिवारों से अपील की कि दिन में या सप्ताह में आधा से एक घंटा मोबाइल से दूर रहकर सभी सदस्य साथ बैठें और सकारात्मक विषयों पर बातचीत करें। मंदिर जाने वाले लोग बच्चों को भी साथ ले जाएं और उन्हें धार्मिक-सामाजिक परंपराओं का महत्व समझाएं।

बंगाल में 150 गुना बढ़ीं शाखाएं, केरल के हर गांव तक पहुंचने का दावा

संघ की शाखाओं के विस्तार पर होसबाले ने कहा कि पश्चिम बंगाल में शाखाओं की संख्या पहले की तुलना में 150 गुना बढ़ी है। पहले वहां शाखाएं लगाने का विरोध होता था। त्रिपुरा और असम में संघ के कई कार्यकर्ताओं की हत्या भी हुई, लेकिन संगठन का काम जारी रहा। मिजोरम में दो जगह और लद्दाख में भी शाखाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने दावा किया कि केरल के सभी गांवों में संघ की शाखाएं हैं। होसबाले ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए संघ विशेष योजना बनाएगा।

अमेरिका में मिडटर्म चुनाव हारे राष्ट्रपति ट्रंप

● दोनों सदनों में करारी हार, डेमोक्रेट्स को बहुमत ● पहले मुस्लिम सीनेटर बनेंगे अब्दुल अल-सैयद ● चुनाव प्रचार में ट्रम्प ने उन्हें 'जिहादी' कहा था

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका के मिडटर्म चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को हार मिली है। डेमोक्रेटिक पार्टी ने सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स दोनों सदनों में बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं, मिशिगन में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार अब्दुल अल सैयद ने जीत हासिल की। इसके साथ ही वह अमेरिकी इतिहास में सीनेटर चुने जाने वाले पहले मुस्लिम बन गए हैं। ट्रम्प ने अब्दुल को खुले मंच से जिहादी कहा था। 25 अक्टूबर को मिशिगन में एक चुनावी रैली के दौरान ट्रम्प ने कहा था,मैं यहां एक जिहादी और मुस्लिम ब्रदरहुड के सदस्य को अमेरिकी सीनेटर बनने से रोकने आया हूं।



हार के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

अमेरिकी चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी को मिली हार के बाद बाजार में यह अनिश्चितता बढ़ी है कि ट्रम्प ईरान युद्ध को लेकर आगे क्या फैसला लेंगे। इसी चिंता का असर कच्चे तेल की कीमतों पर दिख रहा है। रॉयटर्स के मुताबिक, बुधवार सुबह ब्रेंट क्रूड की कीमत 76 सेंट यानी 0.7 फीसदी बढ़कर 104.36 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई।

हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स, सीनेट सब हारे

हाउस में कुल 435 सीटें हैं और सभी सीटों पर चुनाव हुए हैं। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने 231 सीटें जबकि ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी ने 144 सीटें जीती हैं। सीनेट की 100 सीटों में से 35 पर चुनाव हुए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, अब तक 33 सीटों के नतीजे सामने आ चुके हैं। इनमें डेमोक्रेटिक पार्टी ने 20 और रिपब्लिकन पार्टी ने 13 सीटें जीती हैं। बाकी 2 सीटों पर वोटों की गिनती जारी है। इन नतीजों को मिलाकर डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 54 और रिपब्लिकन पार्टी के पास 44 सीटें हैं।

राजस्थान में रेलवे ट्रैक पर जबरदस्त ब्लास्ट

45 मिनट पहले पैसेंजर ट्रेन गुजरी थी, बाल-बाल बची



अनूपगढ़ (एजेंसी)। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में रेलवे लाइन पर मंगलवार रात 9.45 बजे ब्लास्ट हो गया। अनूपगढ़-सूरतगढ़ ट्रैक पर धमाके से पहले रात 9 बजे पैसेंजर ट्रेन गुजरी थी। धमाके की आवाज 200 मीटर दूर तक सुनाई दी। ब्लास्ट के कारण पटरी के नीचे लगे सीमेंट के दो ब्लॉक पूरी तरह से टूट गए। पटरियों के बीच 2 फीट गहरा गड्ढा हो गया।

दुनिया का छठा प्रोजेक्ट

नवी मुंबई में बन रही देश की पहली समुद्री रेल-टनल

● 7 किलोमीटर लंबी, 35 मंजिला इमारत जितनी गहराई में दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

सावली (एजेंसी)। नवी मुंबई के सावली में देश की पहली समुद्री रेल सुरंग बनाई जा रही है। इस सुरंग से देश की पहली बुलेट ट्रेन गुजरेगी। सुरंग बनाने का काम जमीन से 114 मीटर नीचे चल रहा है, यानी इतनी गहराई, जितनी 35 मंजिला ऊंची इमारत होती है। समुद्र के अंदर सुरंग बनाने का यह छठा प्रोजेक्ट है। दुनिया में सबसे ज्यादा 2 समुद्री सुरंगें जापान में हैं। इसके अलावा चीन, नॉर्वे में एक-एक समुद्री सुरंग है। ब्रिटेन और फ्रांस के बीच भी एक समुद्री सुरंग बनी है।



भारी गर्मी और घुटन के बीच करीब 1,200 मजदूर और इंजीनियर दिन-रात इस काम में जुटे हैं। सावली से शीलफाटा के बीच 4.8 किलोमीटर लंबी सुरंग पहले ही तैयार हो चुकी है। अब समुद्र के अंदर 7 किलोमीटर लंबी सुरंग खोदी जा रही है, जिसके लिए 3,000 टन भारी मशीन लगातार खुदाई कर रही है। आमतौर पर मेट्रो के आने-जाने के लिए दो अलग सुरंगे बनती हैं, लेकिन यहां एक ही चौड़ी सुरंग के अंदर से दोनों तरफ की बुलेट ट्रेनें एक साथ निकलेंगी।

पानी का दबाव और कंपन रोकना बड़ी चुनौती

विक्रोली से बीकेसी के बीच इमारतों, फ्लाईओवरों को कंपन से बचाने के लिए टीबीएम की गति 4 आरपीएम पर सेट है। जमीन पर रियल-टाइम सेटलमेंट सेंसर 24 घंटे हलचलों की निगरानी कर रहे हैं। पानी का दबाव : गीली मिट्टी और भारी जलदाब के कारण समुद्री सुरंग में पानी भरने का जोखिम है। इससे बचने स्लरी बेस्ड मिक्स शील्ड टीबीएम चल रही है, जो मिट्टी-पानी के गाढ़े घोल की मदद से खुदाई कर रही है। 13.6 मीटर व्यास वाली विशाल सुरंग एनएटीएम तकनीक से खोदते तो इसके ढहने की आशंका ज्यादा थी। इसलिए टीबीएम से खुदाई के साथ ही कंक्रीट रिंग सेगमेंट्स और वाटरप्रूफ सीलिंग लगा रहे हैं।

दो से ज्यादा बच्चे होने पर चुनाव से रोकना गलत

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा-कानून पर विचार की है जरूरत ● देश के 5 राज्यों में लागू है नियम, कई और में तैयारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दो से ज्यादा बच्चे होने पर चुनाव लड़ने से रोकने वाले कानून अब प्रासंगिक नहीं रह गए हैं। कोर्ट ने बताया कि भारत की कुल प्रजनन दर 2003 में 3 थी, जो अब घटकर 1.9 रह गई है। 2.1 की प्रजनन दर को रिप्लेसमेंट रेट माना जाता है। इससे कम प्रजनन दर का मतलब है कि एक पीढ़ी अपनी जगह अगली पीढ़ी को पूरी तरह नहीं ले पाएगी। कोर्ट ने कहा कि प्रजनन दर में गिरावट से बुजुर्गों की आबादी बढ़ सकती है और कामकाजी लोगों की संख्या घट सकती है। इन बदलावों को नजरअंदाज करने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने महाराष्ट्र की पूर्व सरपंच मंगला भीमराव को राहत दी।



मौजूदा कानून राजनीतिक अधिकारों से वंचित करते हैं

बेंच ने कहा कि दो से ज्यादा बच्चे होने पर चुनाव लड़ने से रोकने वाले कानून नागरिकों के एक पूरे वर्ग को राजनीतिक प्रतिनिधित्व से बाहर कर देते हैं। इसका किसी व्यक्ति की सार्वजनिक पद संभालने की क्षमता से कोई खास संबंध नहीं है। कोर्ट के मुताबिक, ऐसे कानून लोगों को बच्चे पैदा करने या लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हिस्सा लेने में से किसी एक को चुनने के लिए मजबूर करते हैं। इससे संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले प्रजनन से जुड़े फैसले लेने की आजादी के अधिकार का उल्लंघन होता है। मंगला भीमराव महाराष्ट्र की काकोड़ा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच थीं।

7 राज्यों ने दो बच्चों की शर्त खत्म की

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश वकील रुक्मिणी बोबडे को कोर्ट की मदद के लिए एमिकस क्यूरी नियुक्त किया था। कोर्ट ने उनसे और याचिकाकर्ता के वकील प्रतीक बोरंबडे से उन राज्यों की सूची मांगी थी, जहां दो से ज्यादा बच्चे होने पर चुनाव लड़ने पर रोक है। रुक्मिणी बोबडे की ओर से दी गई सूची के मुताबिक, 7 राज्यों ने दो बच्चों की शर्त खत्म कर दी है, जबकि 15 राज्यों में ऐसी कोई नीति नहीं है। गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तराखंड में यह नियम अब भी लागू है। 2003 में जावेद बनाम हरियाणा राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 में दो बच्चों की शर्त को संवैधानिक रूप से सही ठहराया था। इस कानून के तहत दो से ज्यादा जीवित बच्चे होने पर कोई व्यक्ति स्थानीय निकाय का चुनाव नहीं लड़ सकता था। मौजूदा बेंच ने 4 अगस्त को इस मामले में फैसला सुरक्षित रखा था।

राहुल गांधी ने पीएम को फिर दी बहस की चुनौती

बोले-मोदी देशद्रोही, ट्रम्प के कहने पर काम कर रहे

संगरूर (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मैंने पीएम नरेंद्र मोदी को डिबेट की चुनौती दी है। मैंने उन्हें कहा है कि कहीं भी आकर मेरे साथ डिबेट कर लो, लेकिन वह मेरे सामने आकर बैठ नहीं सकते हैं। मैं गारंटी देता हूं कि 5 मिनट में उन्हें देशद्रोही साबित कर दूंगा। मोदी को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नियंत्रित कर रहे हैं। ये बात उन्होंने पंजाब के संगरूर में इंसाफ रैली के दौरान कही। संबोधन की शुरुआत में वह पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह को स्टेज पर लाए। राहुल गांधी ने कहा कि सिद्धू मूसेवाला के साथ जो हुआ, वह आज पंजाब में एक फैशन बन गया है। पंजाब में नशा सबसे बड़ा मुद्दा है।



राहुल गांधी ने कहा- कांग्रेस की सरकार बनाइए

राहुल गांधी ने पंजाब के लोगों से कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील करते हुए कहा कि पंजाब को पंजाब की सरकार दीजिए। कांग्रेस की सरकार दीजिए। ऐसी सरकार चुनिए जो नशे के खिलाफ लड़े, ड्रग्स खत्म करे, युवाओं को रोजगार दे, उद्योगों को बचाए और किसानों के साथ खड़ी रहे।